भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. 4351

सोमवार, 22 मार्च, 2021/1 चैत्र, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**खल्लारी माता और चंडी माता मंदिर को पर्यटन सर्किट में शामिल करना**

**4351. श्री चुन्नीलाल साहू:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पर्यटन के विकास और संवर्धन हेतु सरकार द्वारा पर्यटन सर्किट के रूप में पहचान किये गये पर्यटन स्थलों के नाम क्या हैं;

(ख) पर्यटन सर्किट में शामिल किए जाने हेतु छत्तीसगढ़ में पहचान किये गये पर्यटन स्थलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार छत्तीसगढ़ के महासमुंद में खल्लारी माता और चंडी माता (बागबाहरा) को किसी पर्यटन सर्किट में शामिल करने का है; और

(घ) यदि हां, तो उक्त स्थलों को पर्यटन सर्किट में कब तक शामिल किये जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

(क) से (घ): पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन और तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रसाद) नामक योजनाओं के अंतर्गत पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए छत्तीसगढ़ सहित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को उनके परामर्श से वित्तीय सहायता देता है। इन योजनाओं के तहत परियोजनाओं को स्वीकृति निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों की उपयोगिता आदि की शर्त पर दी जाती है।

'स्वदेश दर्शन' योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में किसी नई परियोजना की स्वीकृति हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। तथापि पर्यटन मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में निम्नलिखित परियोजनाओं को स्वीकृति दी है:

क) स्वदेश दर्शन योजना की जनजातीय परिपथ थीम के अंतर्गत वर्ष 2015-16 में ''जशपुर- कुनकुरी- मैनपत- अंबिकापुर- महेशपुर- रतनपुर- कुर्दर- सरोदादादर- गंगरेल- कोंडागांव- नथियानवागांव- जगदलपुर- चित्रकूट- तीरथगढ़ का विकास।''

ख) प्रसाद योजना के अंतर्गत वर्ष 2020-21 में मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास।

छत्तीसगढ़ राज्य सहित 'स्वदेश दर्शन' और 'प्रसाद' योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*******

**अनुबंध**

खल्लारी माता और चंडी माता मंदिर को पर्यटन सर्किट में शामिल करना के सम्बन्ध में दिनांक 22.03.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 4351 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा**

**I स्वदेश दर्शन योजना** **(राशि करोड़ रुपए में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र** | **परिपथ का नाम** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| **वर्ष 2014-15** | | | | |
| 1. | अरुणाचल प्रदेश | पूर्वोत्तर परिपथ | भालुकपोंग - बोम्डिला और तवांग में परिपथ का विकास | 49.77 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तटवर्ती परिपथ | काकीनाडा में परिपथ का विकास - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्य जीव अभयारण्य - पसारलापुडी - अड़ुरू - दक्षिणी यनम - कोटिपल्लींयानजुना | 67.84 |
| **वर्ष 2015-16** | | | | |
| 3. | मणिपुर | पूर्वोत्तर परिपथ | इंफाल - कोंगजोम में परिपथ का विकास | 72.23 |
| 4. | सिक्किम | पूर्वोत्तर परिपथ | रंगपो (प्रवेश) - रोराथांग - अरितर - फाडमचेन - नथांग - शेराथांग - सोंगमो - गंगटोक - फोडोंग - मंगन - लाचुंग - युमथांग - लाचेन - थांगु - गुरूडोंगमेर - मंगन - तमिल - तुमिन - लिंगी - सिंगटम (निकास) को जोड़ने वाले परिपथ का विकास। | 98.05 |
| 5. | उत्तराखंड | इको परिपथ | टिहरी झील के चारों ओर टिहरी - चंबा - सराएन में परिपथ का विकास | 69.17 |
| 6. | राजस्थान | मरुस्थल परिपथ | शाकंभरी माता मंदिर, सांभर नमक परिसर, देवयानी कुंड, शर्मिष्ठा सरोवर, नालियासर और अन्य गंतव्यों का विकास। | 63.96 |
| 7. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ | पेरेन - कोहिमा - वोखा में परिपथ का विकास | 97.36 |
| 8. | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ | पन्ना - मुकुंदपुर - संजय - डुबरी - बांधवगढ़ - कान्हा - मुक्की - पेंच में परिपथ का विकास। | 92.22 |
| 9. | आंध्र प्रदेश | तटवर्ती परिपथ | नेल्लोर, पुलिकट झील, उब्बलामादुगु जल प्रपात, नेलापट्टू पक्षी अभयारण्य, मायपाडू बीच, रामतीर्थम का विकास | 49.46 |
| 10. | तेलंगाना | इको परिपथ | महबूबनगर जिला (सोमासिला, सिंगोतम, कदलैवनम, अक्कामहादेवी, ईगलनपंटा, फरहाबाद, उमा महेश्वरम, मल्लेलातीर्थम) में परिपथ का विकास | 91.62 |
| 11. | केरल | इको परिपथ | पथनमथीट्टा - गावी - वागामोन - थेक्काडी का विकास | 76.55 |
| 12. | मिजोरम | पूर्वोत्तर परिपथ | थेंजवाल और दक्षिण जोट, जिला सेरछिप और रईक का समेकित विकास | 92.26 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13. | असम | वन्यजीव परिपथ | मानस - प्रोबीतोरा - नामेरी - काजीरंगा - डिब्रू - सैखोवा का विकास। | 94.68 |
| 14. | पुडुच्चेरी | तटवर्ती परिपथ | डुबरायापेट, अरिकामेडू चाइना वीरमपट्टिनम, चुनांबमर, नल्लावाडू, मानापेट, कालापेट, फ्रेंच क्वार्टर, तमिल क्वार्टर और यनम का विकास | 85.28 |
| 15. | अरुणाचल प्रदेश | पूर्वोत्तर परिपथ | जिरिगांव, नेफ्रा, सेप्पा, पप्पू, पासा, पक्के वैली, लुमडुंग, लाफांग, सोहंग झील, तारो यर, न्यू सागले, जीरो, योमचा का समेकित विकास | 96.72 |
| 16. | त्रिपुरा | पूर्वोत्तर परिपथ | पूर्वोत्तर परिपथ का विकास : अगरतला - सिपाहिजाला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर - तीर्थमुख - मंदिरघाट - दुंबूर - नारीकेलकुंजा - गंडाचारा - अंबासा। | 82.85 |
| 17. | पश्चिम बंगाल | तटवर्ती परिपथ | बीच परिपथ का विकास : उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रासेरगंज - बख्खलई - हेनरी द्वीप | 85.39 |
| 18. | छत्तीसगढ़ | जनजातीय परिपथ | जशपुर - कुंकुरी - मैनपत - अंबिकापुर - महेशपुर - रतनपुर - कुरदर - सरोदादादर - गंगरेल - कोंडागांव - नथिया नवगांव - जगदलपुर - चित्रकूट - तीर्थगढ़ का विकास | 96.10 |
| 19. | महाराष्ट्र | तटवर्ती परिपथ | सिंधुदुर्ग तटवर्ती परिपथ (शिरोदा बीच, सागरेश्वर, तरकर्ली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), देवगढ़ (फोर्ट और बीच), मितभाव, टोंडावली, मोसेहमद और निवाती फोर्ट का विकास | 19.06 |
| **वर्ष 2016-17** | | | | |
| 20. | गोवा | तटवर्ती परिपथ | सिंक्वेरिम - बागा, अंजुना - वेगेटर, मोरजिम - केरी, अगुआड़ा एवं अगुआड़ा जेल का विकास। | 97.65 |
| 21. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू- श्रीनगर पहलगाम भगवती नगर अनंतनाग सलामाबाद- उरी-कारगिल-लेह का समेकित विकास | 77.33 |
| 22. | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ | मुलुगु - लक्नावरम - मेदावरम - तडवई - दमारावी - मल्लूर - बोगाथा के झरनों का समेकित विकास। | 79.87 |
| 23. | मेघालय | पूर्वोत्तर परिपथ | उमियम (लेक व्यू), यू लूम - सोहपेटबनेंग - मवडियांगडियांग - ऑर्चिड लेक रिजॉर्ट का विकास। | 99.13 |
| 24. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ | सांची - सतना - रीवा मंदसौर - धार का विकास | 74.02 |
| 25. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | सबरीमाला - एरुमेली - पंपा - सन्नीधानम का विकास | 99.99 |
| 26. | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजोय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशिबोदोन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास। | 53.80 |
| 27. | गुजरात | विरासत परिपथ का विकास : | अहमदाबाद - राजकोट - पोरबंदर - बारडोली - डांडी का विकास। | 59.17 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28. | हरियाणा | कृष्ण परिपथ | कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर, संहितसरोवर, नरकटारी, ज्योतिसर में पर्यटन अवसंरचना का विकास। | 97.35 |
| 29. | राजस्थान | कृष्ण परिपथ | गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी मंदिर (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का समेकित विकास। | 75.80 |
| 30. | सिक्किम | पूर्वोत्तर परिपथ | लिंगमू - लिंगी - माका - तेमी - बरमोइक नामची - ओखारे - सोम्बारिया - दारमदीन - मेली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 95.32 |
| 31. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमाबेटका - मांडु का विकास | 89.82 |
| 32. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | श्री पद्मनाभ मंदिर, अर्नामुला - सबरीमाला का विकास | 92.22 |
| 33. | बिहार | तीर्थंकर परिपथ | वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास | 37.19 |
| 34. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | कांवड़िया मार्ग का समेकित विकास : सुल्तानगंज - मोजमा - बांका | 44.76 |
| 35. | ओडिशा | तटवर्ती परिपथ | गोपालपुर, बरकुल, सतपाडा तथा तंपारा का विकास | 70.82 |
| 36. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ | मोकोकचुंग - तुएनसांग - मोन का विकास | 98.14 |
| 37. | उत्तराखंड | विरासत परिपथ | कुमायूं क्षेत्र - कटारमल - जोगेश्वर - बैजनाथ - देवीधुरा का विकास | 76.32 |
| 38. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू - राजौरी - शोपियां - पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का समेकित विकास | 84.46 |
| 39. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू एवं कश्मीर के लिए प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ के कारण नष्ट हो चुकी परिसंपत्तियों के बदले में परिसंपत्तियों के निर्माण के साथ पर्यटक सुविधाओं का समेकित विकास। | 90.43 |
| 40. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | मंतालाई एवं सुधमहादेव में पर्यटक सुविधाओं का समेकित विकास | 90.85 |
| 41. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | अनंतनाग - किश्तवार - पहलगाम - दकसुम - रंजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 87.44 |
| 42. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | गुलमर्ग - बारामुला - कुपवाड़ा - लेह में पर्यटन सुविधाओं का समेकित विकास | 91.84 |
| 43. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 99.97 |
| 44. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |
| 45. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | तटवर्ती परिपथ | लांग आईलैंड - रॉस स्मिथ आईलैंड - नील आईलैंड - हैवलॉक आईलैंड - बरटांग आईलैंड - पोर्टब्लेयर का विकास | 26.91 |
| 46. | तमिलनाडु | तटवर्ती परिपथ | चेन्नई - ममल्लामपुरम - रामेश्वरम - कुलसेकरनपट्टिनम - कन्याकुमारी का विकास | 72.26 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 47. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | शाहजहांपुर - बस्ती - अहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी - प्रतापगढ़ - उन्नाव - कौशांबी - मिर्जापुर - गोरखपुर - कैराना - डोमरियागंज - बागपत - बाराबंकी - आजमगढ़ का विकास। | 65.61 |
| 48. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक–II परिपथ | बिजनौर - मेरठ - कानपुर - कानपुर देहात - बांदा - गाजीपुर - सलेमपुर - घोसी - बलिया - अंबेडकर नगर - अलीगढ़ - फतेहपुर - देवरिया - महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिशरिख - भदोही का विकास | 67.51 |
| 49. | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ | कालिंजर फोर्ट (बांदा) - मरहर धाम (संत कबीर नगर) - चौरी चौरा शहीद स्थल (फतेहपुर) - मवाहर स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 33.17 |
| 50. | बिहार | बौद्ध परिपथ | बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण | 98.73 |
| 51. | असम | विरासत परिपथ | तेजपुर - मजूली - सिबसागर का विकास | 90.98 |
| 52. | हिमाचल प्रदेश | हिमालयन परिपथ | कियारीघाट, शिमला, हटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा में हिमालयन परिपथ का एकीकृत विकास | 80.69 |
| 53. | मिजोरम | इको परिपथ | आइजवाल - रापुईछिप - खावहपहवप - लेंगपुई - दर्तलांग - छतलांग - साकावरमुइतुइतलांग - मुथी - बेरातलवंग - तुरियल एयरफील्ड - हुमुईफांग में इको एडवेंचर परिपथ का विकास | 99.07 |
| 54. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ | चुरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदे बालाजी, घाटके बालाजी, बांधेके बालाजी) - अलवर (पांडुपोल हनुमानजी, भरथरी) - विराटनगर (बिजक, जैन्नासिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंद) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ (सांवलियाजी) का विकास। | 93.90 |
| 55. | गुजरात | विरासत परिपथ | वडनगर - मोढेरा और पाटन का विकास | 91.84 |
| **वर्ष 2017-18** | | | | |
| 56. | बिहार | ग्रामीण परिपथ | गांधी परिपथ का विकास : भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया | 44.65 |
| 57. | गोवा | तटवर्ती परिपथ | रुआ दे ओरम क्रीक - डोन पौला - कोलवा - बेनौलिम का विकास | 99.35 |
| 58. | गुजरात | बौद्ध परिपथ | जूनागढ़ - गीर सोमनाथ - भड़ूच - कच्छ - भावनगर - राजकोट - मेहसाना का विकास | 28.67 |
| 59. | पुद्दुचेरी | विरासत परिपथ | फ्रेंको - तमिल गाँव, कराईकल, माहे और यनम का विकास | 66.35 |
| 60. | पुद्दुचेरी | आध्यात्मिक परिपथ | करैकल, यनम एवं पुद्दुचेरी का विकास | 40.68 |
| 61. | राजस्थान | विरासत परिपथ | राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (नाहरगढ़ किला) - अलवर (बाला किला) - सवाई माधोपुर | 90.92 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | (रणथंभोर किला और खांडर किला) - झालावाड़ (गगरौन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ किला) जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (कालीबंगन, भटनेर किला और गोगामेडी) - जालौर (जालौर किला) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाघे निलोफर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीराबाई स्मारक) का विकास | |
| 62. | तेलंगाना | विरासत परिपथ | विरासत परिपथ का विकास : कुतुब शाही हेरिटेज पार्क - पैगाह मकबरा - हयात बक्शी मस्जिद - रेमंड का मकबरा | 96.90 |
| 63. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास | 47.52 |
| 64. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ | गांधी सागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बारगी बांध - भेड़ा घाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास | 94.61 |
| 65. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | अयोध्या का विकास | 127.21 |
| 66. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ | बौद्ध परिपथ का विकास : स्वदेश दर्शन योजना के बौद्ध परिपथ थीम के तहत आंध्र प्रदेश में शालीहुंडम - थोटलाकोंडा - बावीकोंडा - बोज्जानाकोंडा - अमरावती - अनुपु का विकास। | 52.34 |
| **वर्ष 2018-19** | | | | |
| 67. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ | वाकी - अडासा - धापेवाडा - परादसिंघा - छोटा ताज बाग - तेलंखंडी - गीराड का विकास | 54.01 |
| 68. | -- | सड़कों के किनारे सुविधाओं का विकास (उप योजना) | सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी - गया; लखनऊ - अयोध्या - लखनऊ; गोरखपुर - कुशीनगर; कुशीनगर - गया - कुशीनगर में सड़कों के किनारे सुविधाओं का विकास | 17.93 |
| 69. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास | 12.03 |
| 70. | झारखंड | इको परिपथ | डलमा - चांडिल - गेटतलसुद - बेतला राष्ट्रीय पार्क - मिरचैया - नेतरहाट का विकास | 52.72 |
| 71. | त्रिपुरा | पूर्वोत्तर परिपथ | सुरमा चेर्रा-उनाकोटी - जंपुई हिल्स - गुनाबाटी - भुनानेश्वरी - माटाबारी - नीरमहल - बोक्सानगर - चोट्टाखोला - पिलक – अवांगचारा का विकास | 65.00 |
| 72. | पंजाब | विरासत परिपथ | आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - अमृतसर - खटकर कलां - कलानौर - पटियाला विकास | 91.55 |
| 73. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | सिवागिरि - श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुनुमपारा श्री सुब्रामणिया - चेंबाझांती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 69.47 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 74. | केरल | ग्रामीण परिपथ | मलनाड, मालाबार क्रूज टूरिज्म प्रोजेक्ट का विकास | 80.37 |
| 75. | मेघालय | पूर्वोत्तर परिपथ | पूर्वी खासी हिल्स (नोंगखलाव - क्रेम टिरोट - खुडोई एवं कोहमांग फाल्स - खरी नदी - मवथाद्रैशन, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सुरी फाल्स - शयिरमांग - लूकसी), गारो हिल्स (नोक्रेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू की गुफाएं) का विकास | 84.97 |
| 76. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपत्तन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 15.76 |

**II. प्रशाद योजना**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | परियोजनाओं की संख्या | परियोजना का नाम | संस्वीकृति का वर्ष | अनुमोदित लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **आंध्र प्रदेश** | 1. | पर्यटन स्थल के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास | 2015-16 | 27.77 |
| | | 2. | श्रीसैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 47.45 |
| 2. | **अरुणाचल प्रदेश** | 3. | परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास | 2020-21 | 37.88 |
| 3. | **असम** | 4. | गुवाहाटी में और आसपास कामाख्या मंदिर तथा तीर्थस्थलों का विकास | 2015-16 | 30.71 |
| 4. | **बिहार** | 5. | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 4.27 |
| | | 6. | पटना साहिब का विकास | 2015-16 | 41.54 |
| 5. | **छत्तीसगढ़** | 7. | माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनंदगाँव, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ का विकास | 2020-21 | 43.33 |
| 6. | **गुजरात** | 8. | द्वारका का विकास | 2016-17 | 13.08 |
| | | 9. | सोमनाथ में तीर्थयात्री सुविधाएं | 2016-17 | 45.36 |
| | | 10. | प्रशाद योजना के अंतर्गत सोमनाथ में प्रोमेनाड का विकास | 2018-19 | 47.12 |
| 7. | **हरियाणा** | 11. | पंचकुला जिले में नाडा साहेब गुरुद्वारा और माता मंशा देवी मंदिर का विकास | 2019-20 | 49.52 |
| 8. | **जम्मू एवं कश्मीर** | 12. | हजरतबल में विकास | 2016-17 | 40.46 |
| 9. | **झारखंड** | 13. | वैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास | 2018-19 | 39.13 |
| 10. | **केरल** | 14. | गुरुवयूर मंदिर का विकास | 2016-17 | 46.14 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11. | **मध्य प्रदेश** | 15. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 44.83 |
| | | 16. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 |
| 12. | **महाराष्ट्र** | 17. | त्रियंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 37.81 |
| 13. | **मेघालय** | 18. | मेघालय में तीर्थ यात्रा की सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 29.32 |
| 14. | **नागालैंड** | **19.** | नागालैंड में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.26 |
| 15. | **ओडिशा** | 20. | मेगा परिपथ के तहत पुरी में श्री जगन्नाथ धाम - रामचंडी - देउली में प्राची नदी तट पर अवसंरचना विकास | 2014-15 | 50.00 |
| 16. | **पंजाब** | 21. | अमृतसर में करुण सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 |
| 17. | **राजस्थान** | 22. | पुष्कर / अजमेर का समेकित विकास | 2015-16 | 32.64 |
| 18. | **सिक्किम** | 23. | युकसोम में चार संरक्षक संतों पर तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 |
| 19. | **तमिलनाडु** | 24. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 |
| | | 25. | वेलंकनी का विकास | 2016-17 | 4.86 |
| 20. | **तेलंगाना** | 26. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 36.73 |
| 21. | **त्रिपुरा** | 27. | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 | 37.84 |
| 22. | **उत्तराखंड** | 28. | केदारनाथ का समेकित विकास | 2015-16 | 34.78 |
| | | 29. | प्रशाद योजना के अंतर्गत बद्रीनाथजी धाम (उत्तराखंड) में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 39.24 |
| 23. | **उत्तर प्रदेश** | 30. | मेगा टूरिस्ट परिपथ के रूप में मथुरा - वृंदावन का विकास (चरण □□) | 2014-15 | 14.93 |
| | | 31. | मथुरा जिले के वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 |
| | | 32. | वाराणसी का विकास | 2015-16 | 20.40 |
| | | 33. | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 2017-18 | 10.72 |
| | | 34. | प्रशाद योजना - चरण 2 के अंतर्गत वाराणसी का विकास | 2017-18 | 44.60 |
| | | 35. | गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 39.74 |
| 24. | **पश्चिम बंगाल** | 36. | बेलूर का विकास | 2016-17 | 30.03 |

*******